Regarding need to accord approval to the proposal of Government of Maharashtra for exclusion of Kalhat and Nigde villages from Eco-sensitive zone-laid

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल)**:** मैं सरकार का ध्यान मेरे मावल लोकसभा क्षेत्र के कल्हाट और निगड़े गांवों से संबंधित महत्वपूर्ण मामले की ओर दिलाना चाहता हूँ ये दोनों गांव, मुख्य रूप से कम आय वाले परिवार खेती पर निर्भर और पर्यावरण संवेदनशील क्षेत्र में आते हैं जबकि इन गावों के निवासियों की आर्थिक स्थिति को उच्चस्तर करने और इनके विकास को बढ़ावा देने के लिए तलेगांव औद्योगिक क्षेत्र चरण संख्या-4 में शामिल करने हेतु इन गांवों के आसपास औद्योगिक स्थापना की योजनाएं चल रही हैं यह गाँव, पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्र में होने से औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना की बाधा उत्पन्न हो रही है । इन गावों को पर्यावरण संवेदनशील क्षेत्र से औद्योगिक क्षेत्र में बदलने हेतु एक प्रस्ताव 13 दिसम्बर 2021 को केन्द्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्रालय विभाग को भेजा है ।

अतः मैं कल्हाट और निगड़े गांवों को इको-सेंसिटिव जोन से बाहर करने के राज्य-सरकार के प्रस्ताव पर अति-तत्काल मंजूरी दिए जाने की मांग करता हूँ ।